न्यू एक्सपीरिएंस स्टूडियो (New Experience Studio)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/new-experience-studio

- **नीति आयोग ने अमेज़न वेब सर्विसेस तथा इंटेल के साथ मिलकर** नीति आयोग फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज़ क्लाउड इनोवेशन सेंटर में एक न्यू एक्सपीरिएंस स्टूडियो की स्थापना की। इसका उद्देश्य भारत में डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देना है।
- नीति आयोग के नई दिल्ली परिसर में स्थित यह स्टूडियो स्वास्थ्य, शिक्षा, मुक्त नवाचार, कृषि एवं बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों पर जोर देने के साथ सरकारी हितधारकों, स्टार्टअप्स, उद्यमों तथा उद्योग डोमेन विशेषज्ञों के मध्य **समस्या समाधान और नवाचार को सक्षम बनाने के लिये सहयोग एवं प्रयोग का केंद्र** होगा। यह स्टार्टअप्स को अपने समाधानों के विकास व विस्तार के लिये जरूरी समर्थन तक पहुँच का विकल्प उपलब्ध कराएगा।
- यह स्टूडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, संवर्द्धित और आभासी वास्तविकता, ब्लॉकचेन तथा रोबोटिक्स जैसी **तकनीकों की क्षमता को प्रदर्शित करने में मदद करेगा,** जिससे सार्वजनिक रूप से इनके अनुप्रयोगों में तेज़ी लाई जा सके।
- नीति आयोग स्वास्थ्य, कृषि एवं मजबूत अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में भू-स्थानिक, ए.आर./वी.आर., ड्रोन तथा आई.ओ.टी. समाधानों के अनुप्रयोग को प्रदर्शित करने के लिये भी स्टूडियो का लाभ उठाएगा।

X

संस्कृति IAS
श्री अखिल मूर्ति के निर्देशन में
सामान्य अध्ययन फाउंडेशन
(प्रिलिम्स + मेन्स)
ऑफलाइन बैच
कक्षा आरंभ : 15 नवंबर 2021
समय : 3:00 PM – 6:00 PM
ऑनलाइन लाइव कोर्स
कक्षा आरंभ : 11 अक्टूबर 2021
समय : 6:30 PM – 9:00 PM
www.sanskritiias.com
74280 85757 / 58